राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान

drishtiias.com/hindi/printpdf/national-institute-of-health-family-welfare

प्रीलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
संस्थान

मेन्स के लिये:

NIHFW की वार्षिक बैठक के मुख्य बिंदु

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान (National Institute of Health & Family Welfare-NIHFW) के 43वें वार्षिक दिवस (Annual Day) की अध्यक्षता की गई।

मुख्य बिंदु:

- इस अवसर पर भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिये संस्थानों के बीच तालमेल एवं सहयोग की आवश्यकता पर बल देने की बात कही गई।
- साथ ही निवारक (Preventive) और सकारात्मक स्वास्थ्य (Positive Health) पर ध्यान देने के लिये भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का मुकाबला करने हेतु आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की भूमिका पर ज़ोर दिया गया।
- साथ ही इस बात पर बल दिया गया कि आयुष्मान भारत के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य को मज़बूत करते हुए केंद्रों के लिये यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि वे बीपी (BP), मधुमेह (Diabetes), तीन प्रकार के कैंसर और कुष्ठ रोग (Leprosy) आदि जैसे रोगों की स्क्रीनिंग से लैस हों , क्योंकि इन रोगों के निवारण को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 में भी प्राथमिकता दी गई है।
- इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये नए दृष्टिकोण अपनाने के साथ-साथ नीतियों पर पुनर्विचार करने के आवश्यकता होगी, इसके अलावा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को मुख्य भूमिका निभानी होगी।
- इस दौरान अकादमिक पुरस्कार प्रदान किये गए और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान:

- NIHFW दिल्ली में स्थित है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1977 में की गई।
- NIHFW स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (Ministry of Health and Family Welfare) के माध्यम से कार्य करता है।
- यह स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवरों जैसे- मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (Accredited Social Health Activist- ASHA), सहायक नर्स दाई (Auxiliary nurse midwife-ANMs), केंद्रीय एवं राज्य अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मचारीयों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी क्षमता निर्माण के लिये कार्य करने वाला प्रमुख संगठन है।

स्रोत: पीआईबी